# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी जिला नागौर (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी :— श्री बाबूलाल जाट (RAS)
राजस्व वाद संख्या 26/2019 **{RCMS 2019/00056}**

**वादी**

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार (भूमिधारी) कुचामनसिटी जिला नागौर राजस्थान

## बनाम

**प्रतिवादीगण**

1. बाबूलाल पुत्र बद्रीलाल जाति गुप्ता
2. धर्मदेव पुत्र कपिलदेव जाति अग्रवाल निवासीगण जयपुर

**दावा :— अन्तर्गत धारा 177 राजस्थान अभिधारी अधिनियम 1955**

**उपस्थित :— राज पैरोकार तहसीलदार कुचामनसिटी।**

## निर्णय

दिनॉक :— 11.10.2021

प्रकरण का सार संक्षेप में इस प्रकार से है कि जमाबन्दी नकल सम्वत 2073—2076 अनुसार ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 668/228 रकबा 0.2895 हैक्टर खसरा नम्बर 670/228 रकबा 0.2796 हैक्टर कुल रकबा 0.5691 हैक्टर में प्रतिवादीगण की खातेदारी में दर्ज चली आ रही है, प्रतिवादीगण ने उक्त खसरान की भूमि में बिना विहित प्राधिकारी की अनुमति के निजी खम्भा फैक्ट्री लगाकर कृषि भूमि का अकृषि उपयोग कर लिया है जो राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 177 का स्पष्ट उल्लंघन है, वादी के पास इस आशय की सूचना दी है कि प्रतिवादीगण ने उपरोक्त भूमि में कृषि भूमि को अकृषि में परिवर्तित कर दिया है, पटवारी हल्का मण्डावरा ने पेश की, जिस पर प्रतिवादीगण को वादी द्वारा नोटिस दिया गया, परन्तु प्रतिवादीगण कृषि भूमि को अकृषि में परिवर्तित किये जाने की विहित प्राधिकारी की अनुमति प्रस्तुत करने में असफल रहा है, प्रतिवादी को उक्त कृषि भूमि को विहित प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना अकृषि उपयोग करने का अधिकार नहीं है, बिनाय दावा दिनॉक 03.01.2019 को वादी के पास विचाराधीन प्रकरण अन्तर्गत धारा 90 R.L.R.Act सं. 01/2019 प्रस्तुत होने पर उत्पन्न हुआ है, वादी की इस्तदुआ है कि प्रतिवादीगण ने बिना विहित प्राधिकृत अधिकारी की अनुमति के कृषि भूमि को अकृषि में परिवर्तित कर दिया है अतः ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 668/228 रकबा 0.2895 हैक्टर खसरा नम्बर 670/228 रकबा 0.2796 हैक्टर कुल रकबा 0.5691 हैक्टर को प्रतिवादीगण के हिस्से को राजकीय खाते में दर्ज किये जाने के आदेश कर मुझ वादी को कब्जा सुपुर्द किये जाने के आदेश फरमावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2021.12.21 17:16:57 IST
Reason: SelfAttested

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादी को जरिये अखबार स्याहा सम्मन जारी कर तलबी की गई, दिनॉक 27.02.2020 दैनिक नवज्योति अंक के पेज सं. 9 पर

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

सम्मन प्रकाशित होकर प्रति शामिल मिसल की गई, प्रतिवादीगण को आवाजे लगाई गई, जो अनुपस्थित रहे जिससे प्रतिवादी के विरूद्व एक–पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। दस्तावेजी साक्ष्य में धारा 90 ए प्रकरण की छाया प्रति, जमाबन्दी नकल सम्वत 2073–2076 की प्रमाणित प्रति, एवं चालू जमाबन्दी की नकल प्रस्तुत की।

प्रकरण में राज पैरोकार की बहस सुनी गई, जिन्होने वाद–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए उपरोक्त भूमि को राजकीय दर्ज कर कब्जा सुपुर्द किये जाने के आदेश हेतु निवेदन किया। रिपोर्ट 90 ए कार्यवाही अनुसार ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 668/228 रकबा 0.2895 हैक्टर खसरा नम्बर 670/228 रकबा 0.2796 हैक्टर कुल रकबा 0.5691 हैक्टर में प्रतिवादीगण द्वारा बिना सक्षम अधिकारी अनुज्ञा प्राप्त किये निजी खम्भा फैक्ट्री लगाकर कृषि भूमि को अकृषि प्रयोजन काम में लिया है, जमाबंदी नकल सम्वत 2073–76 अनुसार निम्नवत प्रविष्टि दर्ज है :–

| | |
|---|---|
| ग्राम का नाम :- मण्डावरा | अंतिम चोसला आधार सम्वत :- 2073 - 2076 जमाबंदी 2075 ( वर्ष 2018 ) से स्थायी |
| पटवार हल्का :- मण्डावरा | भूमि धारक का नाम :- राज.सरकार |
| भू.अभि.नि. :- मण्डावरा | क्षेत्रफल की ईकाई :- हैक्टेयर |
| तहसील :- कुचामन | खाता संख्या नया :- 233 |
| जिला :- नागौर | खाता संख्या पुराना :- 173 |

काश्तकार का नाम:-

1. धर्मदेव पुत्र कपिलदेव हिस्सा- 1/3 जाति- अग्रवाल सा. जयपुर खातेदार अ.विव.- यूनिक प्रीस्ट्रेस उद्योग पार्टनर्स
2. बाबूलाल पुत्र बद्रीलाल गुप्ता हिस्सा- 1/3 जाति- गुप्ता सा. जयपुर खातेदार अ.विव.- यूनिक प्रीस्ट्रेस उद्योग पार्टनर्स
3. बाबूलाल गुप्ता(एच.यू.एफ) पुत्र बद्रीलाल गुप्ता हिस्सा- 1/3 जाति- गुप्ता सा. जयपुर खातेदार अ.विव.- यूनिक प्रीस्ट्रेस उद्योग पार्टनर्स,

| खसरा संख्या | क्षेत्रफल | भूमि वर्गीकरण | | कृषक द्वारा संदत्त लगान | सिंचाई के साधन | अन्तरण के क्रम में प्रमाणित नामान्तरकरण संख्या व दिनांक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 669/228 | 0.2895 | जाव 3 | 0.2895 | 3.47 | | | |
| 670/228 | 0.2796 | चाही 3 | 0.0300 | 0.69 | | | |
| | | जाव 3 | 0.2496 | 3.00 | | | |
| कुल खसरे - 2 | 0.5691 | | 0.5691 | 7.1600 | | | |

यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

प्रश्नगत ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 668/228 रकबा 0.2895 हैक्टर खसरा नम्बर 670/228 रकबा 0.2796 हैक्टर कुल रकबा 0.5691 हैक्टर प्रतिवादीगण के नाम दर्ज चली आ रही है। प्रतिवादीगण का [illegible] रहना ही अपने आप में साबित है कि प्रश्नगत भूमि में उपरोक्त [illegible] बिना सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये अकृषि प्रयोजन प्रयोग में लिया है [illegible] निजी खम्भा फैक्ट्री लगाकर कर लिया है जो राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 177 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः उपरोक्त भूमि राजकीय दर्ज कर कब्जा राज लिये जाने हेतु वाद डिक्री पाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2021.12.21 17:16:57 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

## आदेश

ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 668/228 रकबा 0.2895 हैक्टर खसरा नम्बर 670/228 रकबा 0.2796 हैक्टर कुल रकबा 0.5691 हैक्टर भूमि (तहसीलदार कुचामनसिटी के यहॉ प्रस्तुत 90 A में दर्शित भूमि) को राजकीय खाते में दर्ज कर कब्जे राज लिये जाने के आदेश दिये जाते है, तहसीलदार कुचामनसिटी को उपरोक्तानुसार पालना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया जाता है। डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल किया जावे।

आदेश आज दिनॉक 11.10.2021 को सरे इजलास सुनाया गया।

(बाबूलाल जाट RAS)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2021.12.21 17:16:57 IST
Reason: SelfAttested

# डिक्री मुकदमा इन्तेहाई

(ओ.20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत : **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम : **कुचामन सिटी**

बइजलास : **बाबूलाल जाट (आर.ए.एस.)**

राजस्व वाद संख्या 26/2019 **{RCMS 2019/00056}**

**वादी**

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार (भूमिधारी) कुचामनसिटी जिला नागौर राजस्थान

*बनाम*

**प्रतिवादी**

1. बाबूलाल पुत्र बद्रीलाल जाति गुप्ता
2. धर्मदेव पुत्र कपिलदेव जाति अग्रवाल निवासीगण जयपुर

दावा :– **अन्तर्गत धारा 177 राजस्थान अभिधारी अधिनियम 1955**

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रू–बरू राज पैरोकार हाजिरी .................. मिनजानिब मुदई रू–बरू श्री ................ मिनजानिब मुदायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि ग्राम मण्डावरा के खसरा नम्बर 668/228 रकबा 0.2895 हैक्टर खसरा नम्बर 670/228 रकबा 0.2796 हैक्टर कुल रकबा 0.5691 हैक्टर भूमि (तहसीलदार कुचामनसिटी के यहॉ प्रस्तुत 90 A में दर्शित भूमि) को राजकीय खाते में दर्ज कर कब्जे राज लिये जाने के आदेश दिये जाते है, तहसीलदार कुचामनसिटी को उपरोक्तानुसार पालना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया जाता है। डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल किया जावे।

निज ........................... मुबलिग ........ बाबत..................खर्चा इस मुकदमे के मय सूद शरह.... फीसदी सालाना आज की तारिख से तारीख अदायगी तक ............. का अदा करें।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज दिनांक को 11.10.2021 को जारी की गई।

दस्तखत.......
ओहदा........................(मुहर)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

| मुदई | रूपयें | पैसे | मुदायलय | रूपयें | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | | | स्टाम्प अर्जी दावा | | |
| स्टाम्प वकालात नामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महन्ताना वकिल | | |
| महन्ताना वकिल | | | खर्चा गवाहन | | |
| खर्चा गवाहन | | | फीस कमिश्नर | | |
| फीस कमिश्नर | | | बबत इजराय हुक्मनामा | | |
| बबत इजराय हुक्मनामा | | | मुतफरिक | | |
| मुतफरिक | | | | | |
| मीजान | | | मीजान | | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2021.12.21 17:16:57 IST
Reason: SelfAttested

नोटः इस खर्चा के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीक का चाहे डिगरी के जरिये दिखाया गया हो या नहीं, दर्ज करना चाहिए